तथ्य पत्रक

# My Health Record

## My Health Record क्या है?

My Health Record आपकी प्रमुख स्वास्थ्य जानकारी को संभाल कर रखने का एक सुरक्षित एवं संरक्षित स्थान है। आपका रिकॉर्ड हर समय आपके लिए, आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रतिनिधियों के लिए उपलब्ध होता है। इसमें आपातकालीन स्थिति भी शामिल होती है।

## मुझे My Health Record का उपयोग क्यों करना चाहिए?

- आप अपनी स्वास्थ्य जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकते/ती हैं।
- यह समय के साथ आपके स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर सकता है।
- हो सकता है कि आपको अपनी मेडिकल पृष्ठभूमि के बारे में दोबारा बताने की आवश्यकता न पड़े।
- इससे अनावश्यक टेस्ट और स्कैन न किए जाने में मदद मिल सकती है।
- इससे आपको बेहतर स्वास्थ्य अनुभवों और परिणामों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- आपातकालीन स्थिति में भी आपकी जानकारी उपलब्ध होती है।
- अपने रिकॉर्ड पर आपका हमेशा नियंत्रण होता है।

## My Health Record में क्या शामिल होता है?

आपके रिकॉर्ड में आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा दिए गए नैदानिक दस्तावेज़ शामिल होते हैं। इसमें टेस्ट परिणाम, दवाएं और एलर्जी संबंधी जानकारी और टीकाकरण रिकॉर्ड शामिल हो सकते हैं। यदि आप चयन करते/ती हैं, तो आपके रिकॉर्ड में मेडिकेयर दस्तावेज़ भी शामिल हो सकते हैं। आप अपने निजी स्वास्थ्य नोट्स भी रख सकते/ती हैं।

## मैं My Health Record को कैसे एक्सेस कर सकता/ती हूँ?

आप कंप्यूटर या मोबाइल का उपयोग करके My Health Record को ऑनलाइन एक्सेस कर सकते/ती हैं। सबसे पहले, आपको myGov अकाउंट की आवश्यकता होगी। My Health Record को एक्सेस करने का एक सुरक्षित तरीका myGov है। इसके बाद, आपको My Health Record को अपने myGov अकाउंट से लिंक करना होगा। अपना रिकॉर्ड सेट कर लेने के बाद आप **my health** ऐप का उपयोग करके कंप्यूटर या मोबाइल पर अपना My Health Record देख सकते/ती हैं।

## मेरे रिकॉर्ड को कौन एक्सेस कर सकता/ती है?

अधिकांश मामलों में, **स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं** को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए आपके रिकॉर्ड को एक्सेस करने की अनुमति होती है। लेकिन यदि आप चाहें, तो आप अपने रिकॉर्ड पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के एक्सेस को नियंत्रित कर सकते/ती हैं।

आप अपने किसी भरोसेमंद व्यक्ति को आपका **नामांकित प्रतिनिधि** बनने के लिए आमंत्रित कर सकते/ती हैं। वे पारिवारिक सदस्य, करीबी मित्र या देखभालकर्ता हो सकते हैं। आपका नामांकित प्रतिनिधि आपका रिकॉर्ड देख सकता/ती है। वे इसे प्रबंधित करने में भी आपकी मदद कर सकते हैं। आप अपने नामांकित प्रतिनिधि के एक्सेस स्तर को निर्धारित कर सकते/ती हैं और इसे किसी भी समय अपडेट भी कर सकते/ती हैं।

किसी **अधिकृत प्रतिनिधि** के पास अपने आश्रित (डिपेन्डेंट) के My Health Record की पूरी एक्सेस और नियंत्रण होता है। आश्रित से तात्पर्य निम्न से है:

- 14 वर्ष से कम उम्र या
- 14 वर्ष या उससे अधिक उम्र का कोई व्यक्ति, जो स्वयं निर्णय लेने में सक्षम नहीं होता है।

## अतिरिक्त संसाधन

### My Health Record वेबपेज
www.digitalhealth.gov.au/my-health-record

### My Health Record ऑनलाइन प्रशिक्षण:
https://training.digitalhealth.gov.au/mod/page/view.php?id=960

## My Health Record समर्थन

### My Health Record हेल्प लाइन

1800 723 471 (विकल्प 1), सप्ताह में 7 दिन, 24 घंटे उपलब्ध।

### ऑस्ट्रेलियाई डिजिटल स्वास्थ्य एजेंसी संपर्क फॉर्म
www.digitalhealth.gov.au/contact-us

### अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा

131 450
www.tisnational.gov.au/Help-using-TIS-National-services/Contact-TIS-National

### राष्ट्रीय रिले सेवा

1300 555 727
www.accesshub.gov.au